
Adda247
GET IT ON Google Play

## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025


| | |
|---|---|
| Exam Date | 12/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |


Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**


**Q.1** जब दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MCOPT' को '20' के रूप में और 'VSB' को '12' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'JIGETY' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

✗ 1. 18

✓ 2. 24

✗ 3. 22

✗ 4. 16

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.3 दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?
50 × 3 + 12 × 5 – (66 ÷ 2) + 11 × 4 – 22 = 160
(नोट: अदला-बदली पूर्ण संख्या की होनी चाहिए न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)

Ans
1. 3 और 2 ✔
2. 5 और 3 ✘
3. 12 और 11 ✘
4. 22 और 2 ✘

Q.4 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी खीरे, गाजर हैं।
सभी खीरे, फली हैं।
कुछ फली, सेब हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ सेब, खीरे हैं।
(II): कुछ फली, गाजर हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
2. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। ✘
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✘
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✘

Q.5 छह व्यक्ति, B, C, D, E, F और S, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। S के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और F के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और C के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर बैठा है। B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक ✔
2. दो ✘
3. तीन ✘
4. चार ✘

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


24 34 54 94 174 ?

Ans
1. 333 ✘
2. 336 ✘
3. 335 ✘
4. 334 ✔

Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.7** कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद (punch) किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



**Q.8** RN 20 एक निश्चित तरीके से SI 4 से संबंधित है। MK 5 उसी तरीके से NF -11 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, QV 3 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. PS -12

✗ 2. PR -10


✓ 3. RQ -13

✗ 4. RR -11

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.9 एक पासे के फलकों पर M, I, T, A, P और D अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। फलक I के विपरीत कौन-सा फलक है?




Ans
✗ 1. A
✗ 2. M
✗ 3. P
✓ 4. T

Q.10 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

DUT GSR JQP MON ?

Ans
✓ 1. PML
✗ 2. NPO
✗ 3. PRQ
✗ 4. PMO

Q.11 शब्द LANGUID के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

Ans
✗ 1. 12
✓ 2. 13
✗ 3. 14
✗ 4. 16

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर ESAW एक निश्चित प्रकार से GVCZ से संबंधित है। TIPD ठीक उसी प्रकार VLRG से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए XUNC दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?


Ans
✗ 1. YXRH
✗ 2. AYQG
✓ 3. ZXPF
✗ 4. AYRH

Q.13 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 30 82 160 264 ?


Ans
✗ 1. 303
✗ 2. 331
✓ 3. 394
✗ 4. 342

**Q.14** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**


✗ 1.




✓ 2.



✗ 3.



✗ 4.



**Q.15** सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और M, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
G के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, G के ठीक बाईं ओर बैठा है। H, K के ठीक दाईं ओर बैठा है। पंक्ति के बाईं ओर के छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**

✗ 1. M

✗ 2. H

✓ 3. F

✗ 4. E

**Q.16** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'HIDS' को '1273' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'DISK' को '3210' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

✗ 1. 1

✓ 2. 0

✗ 3. 3

✗ 4. 2

Adda247

GET IT ON Google Play

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में,

'C * Q' का अर्थ है कि 'C, Q की माता है',
'C - Q' का अर्थ है कि 'C, Q का पिता है',
'C + Q' का अर्थ है कि 'C, Q की बहन है' और
'C # Q' का अर्थ है कि 'C, Q का भाई है'
.
यदि 'U * F - L # M' है, तो उपरोक्त के आधार पर, L का U से क्या संबंध है?

**Ans**

✗ 1. भाई

✓ 2. पुत्र का पुत्र

✗ 3. पुत्री

✗ 4. पुत्र

**Q.18** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ 1. MOL

✗ 2. OQN


✓ 3. YXV


✗ 4. HJG


**Q.19** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सबसे उचित ढंग से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।


पिज़्ज़ा, पास्ता, नूडल्स

**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.20** उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_XRLQ_PJOT_HMRL_ KPJ_

**Ans**
- ✔ 1. SVNFD
- ✘ 2. TUMEC
- ✘ 3. SUNED
- ✘ 4. TVMFC

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** एक ऐसा भौगोलिक क्षेत्र जिसमें अलग जलवायु विशेषता वाले अलग-अलग लेकिन समान पारिस्थितिक तंत्र होते हैं, उसे ________ कहा जाता है।

**Ans**
- ✘ 1. जीव (organism)
- ✘ 2. पारिस्थितिकी तंत्र (ecosystem)
- ✘ 3. जीवमंडल (biosphere)
- ✔ 4. जीवोम (biome)

**Q.2** संविधान के अनुसार, भारत _____________ है।

**Ans**
- ✔ 1. राज्यों का एक संघ
- ✘ 2. राज्यों का एक राष्ट्रमंडल
- ✘ 3. राज्यों का एक परिसंघ
- ✘ 4. राज्यों का एक महासंघ

**Q.3** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत कितना था?

**Ans**
- ✘ 1. 10.4%
- ✘ 2. 2.4%
- ✔ 3. 8.6%
- ✘ 4. 8.2%

**Q.4** भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 में कितने सूचक शामिल किए गए थे?

**Ans**
- ✔ 1. 12
- ✘ 2. 14
- ✘ 3. 8
- ✘ 4. 10

**Q.5** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर, 2022 तक भारत में _____ स्थानों पर आयोजित किया गया था।

**Ans**
- ✘ 1. सात
- ✔ 2. तीन
- ✘ 3. पाँच
- ✘ 4. दो

**Q.6** सितंबर 2024 में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के रूप में किसने कार्यभार संभाला?

**Ans**
- ✔ 1. आतिशी मार्लेना
- ✘ 2. अरविंद केजरीवाल
- ✘ 3. संजय सिंह
- ✘ 4. मनीष सिसोदिया

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा 4 कार्बन परमाणुओं से बना एक सीधी शृंखला वाला एल्केन है जिसे आमतौर पर ईंधन और एयरोसोल प्रणोदक (aerosol propellant) के रूप में उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. आइसोब्यूटेन
✗ 2. 2, 3-डाइमेथिलब्यूटेन
✓ 3. ब्यूटेन
✗ 4. 2-मेथिलब्यूटेन

Q.8 सितंबर में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसके द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव की सिफारिशों को मंजूरी दी?

Ans
✗ 1. प्रतिभा पाटिल
✗ 2. अश्विनी वैष्णव
✗ 3. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़
✓ 4. राम नाथ कोविंद

Q.9 निम्नलिखित में से किस प्रकार का उद्योग, न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करता है और प्रकृति की ओर उन्मुख होता है?

Ans
✓ 1. प्राथमिक उद्योग
✗ 2. जननिक उद्योग
✗ 3. विनिर्माण उद्योग
✗ 4. सेवा उद्योग

Q.10 भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी शक्तियाँ राज्यपाल में निहित नहीं हैं?

Ans
✗ 1. विवेकाधिकार
✗ 2. वित्तीय शक्तियाँ
✗ 3. विधायी शक्तियाँ
✓ 4. रिट जारी करने की शक्तियाँ

Q.11 2023 में आयोजित एशियाई खेलों (Asian Games) में भारत के लिए सबसे कम उम्र की पदक विजेता कौन थी?

Ans
✓ 1. संजना बथुला
✗ 2. अनाहत सिंह
✗ 3. पारुल चौधरी
✗ 4. अन्नू रानी

Q.12 तंजावुर चतुष्क (Thanjavur Quartet) को किस प्राचीन शास्त्रीय नृत्य शैली के पुनर्रुत्थान और संहिताकरण के लिए सर्वाधिक स्मरण किया जाता है?

Ans
✗ 1. कथकली
✗ 2. कथक
✗ 3. मोहिनीअट्टम
✓ 4. भरतनाट्यम

Q.13 भारत-पाक युद्ध और आर्थिक संकट के कारण कौन-सी पंचवर्षीय योजना बाधित हुई?

Ans
✗ 1. पाँचवीं योजना
✓ 2. तृतीय योजना
✗ 3. प्रथम योजना
✗ 4. द्वितीय योजना

Q.14 अर्नब चक्रवर्ती निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र से संबंधित हैं?

Ans
✗ 1. सारंगी
✓ 2. सरोद
✗ 3. सुरबहार
✗ 4. मृदंगम

Q.15 संतुलित बजट उस स्थिति को कहा जाता है जहां ________________________ ।

Ans
- ✗ 1. निजी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है
- ✗ 2. सरकारी राजस्व, निजी व्यय के बराबर होता है
- ✓ 3. सरकारी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है
- ✗ 4. सरकारी राजस्व, सरकारी निवेश के बराबर होता है

Q.16 भारत में शुतुरमुर्ग किस काल में पाए जाते थे?

Ans
- ✓ 1. पुरापाषाण (Palaeolithic)
- ✗ 2. अनुपुरापाषाण (Epipalaeolithic)
- ✗ 3. ताम्रपाषाण (Chalcolithic)
- ✗ 4. नवपाषाण (Neolithic)

Q.17 बुशु, यमशे और तोखू एमोंग किस राज्य के जनजातीय लोगों द्वारा मनाए जाने वाले कुछ साँस्कृतिक त्योहार हैं?

Ans
- ✗ 1. सिक्किम
- ✗ 2. अरुणाचल प्रदेश
- ✓ 3. नगालैंड
- ✗ 4. झारखंड

Q.18 किस जलवायु क्षेत्र की विशेषता पूरे वर्ष गर्म और आर्द्र स्थितियाँ होती हैं?

Ans
- ✓ 1. उष्णकटिबंधीय
- ✗ 2. ध्रुवीय
- ✗ 3. समशीतोष्ण
- ✗ 4. मरुस्थल

Q.19 बंगाल में सुधारवादी आंदोलन, तत्वबोधिनी सभा के संस्थापक कौन थे?

Ans
- ✓ 1. देवेन्द्रनाथ टैगोर
- ✗ 2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
- ✗ 3. केशव चंद्र सेन
- ✗ 4. स्वामी विवेकानंद

Q.20 प्रसिद्ध सत्रिय और ओडिसी नृत्य प्रतिपादक और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता, गरिमा हजारिका का संबंध भारतीय राज्य _____________ से हैं।

Ans
- ✗ 1. केरल
- ✗ 2. पश्चिम बंगाल
- ✓ 3. असम
- ✗ 4. ओडिशा

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.1** A और B अलग-अलग तौर पर कार्य करते हुए क्रमशः 18 दिन और 24 दिन में एक कार्य को पूरा कर सकते हैं। A कार्य शुरू करता है और लगातार दो दिन कार्य करता है, जबकि B तीसरे दिन कार्य करता है। यह पैटर्न कार्य पूरा होने तक जारी रहता है। कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. $23\frac{2}{3}$
- ✗ 2. $14\frac{3}{5}$
- ✓ 3. $19\frac{1}{2}$
- ✗ 4. $16\frac{2}{3}$

**Q.2** एक जिले की जनसंख्या 333000 है, जिसमें 213000 पुरुष हैं। 71% जनसंख्या साक्षर है। यदि 71% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 68%
- ✗ 2. 74%
- ✗ 3. 69%
- ✓ 4. 71%

**Q.3** एक वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल 252 $m^2$ है। इसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. $24\sqrt{7}$ m
- ✗ 2. $25\sqrt{7}$ m
- ✗ 3. $23\sqrt{7}$ m
- ✗ 4. $22\sqrt{7}$ m

**Q.4** किसी मूलधन पर 2% की वार्षिक दर से 5 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹191 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 1908
- ✓ 2. 1910
- ✗ 3. 1913
- ✗ 4. 1914

Adda247

**Q.5** एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 37% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $57\frac{46}{63}\%$
- ✗ 2. $60\frac{92}{63}\%$
- ✗ 3. $59\frac{47}{63}\%$
- ✓ 4. $58\frac{46}{63}\%$

**Q.6** समूह A में 30 सदस्य, समूह B में 76 सदस्य और समूह C में 44 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, समूह B और समूह C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹249, ₹168 और ₹498 है। प्रति सदस्य खर्च की गई कुल औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 281
- ✘ 2. 282
- ✘ 3. 284
- ✘ 4. 279

**Q.7** डेविड के दो पोते रॉडनी और अमित हैं। 15 वर्षीय रॉडनी को डेविड की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 16 वर्षीय अमित को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन रॉडनी और अमित को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 22 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में रहेगा और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 8% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 22 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि डेविड के पास कुल धनराशि ₹23400 थी, तो डेविड ने शुरुआत में अमित को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✘ 1. 11250
- ✘ 2. 12500
- ✘ 3. 11000
- ✔ 4. 12150

**Q.8** जब कोई वस्तु ₹4,000 में बेची जाती है तो अर्जित लाभ, इसे ₹2,790 में बेचने पर होने वाली हानि का दस गुना है। यदि वस्तु पर 20% का लाभ अर्जित करना हो, तो उसे किस मूल्य पर बेचा जाना चाहिए?

**Ans**
- ✘ 1. ₹2,900
- ✘ 2. ₹3,075
- ✘ 3. ₹3,860
- ✔ 4. ₹3,480

**Q.9** 40 - 3 × [ 10 + 6 × { 20 - 10 ( 6 - 5 ) × 2} ÷ 47] का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 10
- ✘ 2. 5
- ✘ 3. 1
- ✘ 4. 7

**Q.10** एक व्यापारी अपने सामान का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक निर्धारित करता है। वह अपना सामान 25% की छूट पर बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans**
- ✘ 1. 15%
- ✔ 2. 20%
- ✘ 3. 25%
- ✘ 4. 10%

**Q.11** $2^3 \times 9^2 \times 13$, $2^2 \times 13^2 \times 19$ और $9^3 \times 13^2 \times 19^2$ का LCM ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. $2^3 \times 9^2 \times 13^2 \times 19$
- ✘ 2. $2^2 \times 9^3 \times 13 \times 19^2$
- ✔ 3. $2^3 \times 9^3 \times 13^2 \times 19^2$
- ✘ 4. $2^2 \times 9^2 \times 13^2 \times 19^3$

**Q.12** यदि p, q के अनुक्रमानुपाती है तथा $p_1 = 15$, $q_1 = 630$, तथा $p_2 = 6$ है, तो $q_2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 42
- ✘ 2. 7
- ✔ 3. 252
- ✘ 4. 84

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.13 दो ट्रेनें 80 km/h और 70 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं में गति कर रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 180 m है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में 19 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) दशमलव के 2 स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 610.21 ✗
2. 611.66 ✓
3. 614.03 ✗
4. 613.04 ✗

Q.14 वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है जिसमें 5 की वृद्धि करने पर वह 18, 30, 36 और 24 से विभाज्य हो?

Ans
1. 350 ✗
2. 355 ✓
3. 360 ✗
4. 365 ✗

Q.15 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 100000 है तथा जो प्रति वर्ष 25% की दर से बढ़ रही है, 3 वर्ष पूर्व तथा 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12050 ✗
2. 13150 ✗
3. 12250 ✗
4. 12800 ✓

Q.16 $(4+\sqrt{5})$ और $(12-2\sqrt{20})$ के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\sqrt{7-\sqrt{5}}$ ✗
2. $2\sqrt{7-\sqrt{5}}$ ✓
3. $2\sqrt{7+\sqrt{5}}$ ✗
4. $\sqrt{39}$ ✗

Q.17 आयुष अपनी कार से चंडीगढ़ से लुधियाना तक की अपनी यात्रा 77 km/hr की चाल से तय करता है और 63 km/hr की चाल से वापस आता है। यदि चंडीगढ़ और लुधियाना के बीच की दूरी 97 km है, तो पूरी यात्रा के दौरान आयुष की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 68.2 ✗
2. 68 ✗
3. 69.3 ✓
4. 69 ✗

Q.18 मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-3) × 9

Ans
1. -40 ✓
2. -43 ✗
3. -39 ✗
4. -42 ✗

Q.19 एक कर्मचारी का वेतन पहले 8% बढ़ाया जाता है और फिर 8% घटाया जाता है। उसके वेतन में प्रतिशत परिवर्तन क्या है?

Ans
1. 0.49% ✗
2. 0.64% ✓
3. 0.81% ✗
4. 0.25% ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.20** एक हवाई जहाज 1320 km, 1760 km और 2095 km की दूरी क्रमशः 528 km/h, 352 km/h और 419 km/h की चाल से तय करता है। हवाई जहाज की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 398 ✗
2. 497 ✗
3. 414 ✓
4. 452 ✗

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Identify the sentence with the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**
1. The team worked hard to complete the project. ✗
2. We visited several historical sites during our trip. ✗
3. The hotel room was very clean and comfortible. ✓
4. She enjoyed the delicious dinner and dessert. ✗

**Q.2** Select the most appropriate synonym of the given word.

Brutal

**Ans**
1. Notable ✗
2. Ruthless ✓
3. Heroic ✗
4. Active ✗

**Q.3** Select the most appropriate option to fill in the blank.

The security officer ordered the group ____________ the premises immediately.

**Ans**
1. to left ✗
2. left ✗
3. to leave ✓
4. leaving ✗

**Q.4** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

Somebody <u>have left</u> dirty clothes on the bed.

**Ans**
1. were left ✗
2. has left ✓
3. was left ✗
4. have been left ✗

**Q.5** Identify the sentence with the INCORRECT usage of the adverb.

**Ans**
1. The teacher noticed that all students worked hard to complete the project on time. ✗
2. The teacher noticed that all students worked strenuous to complete the project on time. ✓
3. The teacher noticed that all students worked meticulously to complete the project on time. ✗
4. The teacher noticed that all students worked laboriously to complete the project on time. ✗

**Q.6** Select the most appropriate option to fill in the blank.

3D printing is an exciting new technology _______ promises to very quickly create anything people can design.

**Ans**
1. the ✗
2. that ✓
3. then ✗
4. than ✗

Adda247

**Q.7** Select the most appropriate meaning of the given idiom.

The proof of the pudding is in the eating

**Ans**
✔ 1. A person can only know if something is good or bad by trying it
✘ 2. Its better to be well-fed than to go hungry
✘ 3. One has the evidence if they are alert
✘ 4. Trust is built by sharing good food

**Q.8** Select the most appropriate ANTONYM of the word in brackets to fill in the blank.

The artist decided to use the ________(traditional) approach in creating a classic-style painting.

**Ans**
✘ 1. stale
✘ 2. unique
✔ 3. contemporary
✘ 4. ancient

**Q.9** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Haughty

**Ans**
✔ 1. Modest
✘ 2. Distracted
✘ 3. Transient
✘ 4. Ample

**Q.10** The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.

In the Director's party,/ everyone noticed/ that he sings more too faster.

**Ans**
✔ 1. that he sings more too faster.
✘ 2. No error.
✘ 3. In the Director's party,
✘ 4. everyone noticed

Adda247

**Q.11** Select the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.
The neccessary documents are required for the application process.

**Ans**
✘ 1. application
✘ 2. required
✘ 3. process
✔ 4. neccessary

**Q.12** Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Ramesh has been _________ involved in social service for 30 years.

**Ans**
✘ 1. brightly
✘ 2. exactly
✔ 3. actively
✘ 4. gently

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.13** **Select the most appropriate one-word substitute for the underlined segment in the given sentence.**

**She provided a <u>compact and precise</u> summary of her research work.**

**Ans**
- ✗ 1. verbose
- ✗ 2. redundant
- ✓ 3. succinct
- ✗ 4. diffuse

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**Mrs. Sharma found her husband to be a <u>sloppy</u> dresser.**

**Ans**
- ✓ 1. meticulous
- ✗ 2. messy
- ✗ 3. untidy
- ✗ 4. shabby

**Q.15** **In the sentence, 'Her argument was so convoluted', what is a synonym of the word 'convoluted'?**

**Ans**
- ✗ 1. Straightforward
- ✓ 2. Complex
- ✗ 3. Direct
- ✗ 4. Neutral

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The farmers in our village were fed up with the birds that used to eat ____[A]____ all their harvested grains. They tried to take turns watching, ____[B]____ still, they were not able to save the crops. One of the older men in our village suggested that we should build a scarecrow. The idea was well-received. The face of the scarecrow was made using an earthen pot, while bundles of straw ____[C]____ to create its arms. Finally, it was accessorised with a hat and a coat to perfect ____[D]____ illusion as a man. It was a ____[E]____ coat that used to belong to a beggar who stayed near the temple.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank marked [A].**

**Ans**
- ✓ 1. up
- ✗ 2. off
- ✗ 3. away
- ✗ 4. on

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The farmers in our village were fed up with the birds that used to eat ____[A]____ all their harvested grains. They tried to take turns watching, ____[B]____ still, they were not able to save the crops. One of the older men in our village suggested that we should build a scarecrow. The idea was well-received. The face of the scarecrow was made using an earthen pot, while bundles of straw ____[C]____ to create its arms. Finally, it was accessorised with a hat and a coat to perfect ____[D]____ illusion as a man. It was a ____[E]____ coat that used to belong to a beggar who stayed near the temple.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank marked [B].**

**Ans**
- ✓ 1. but
- ✗ 2. for
- ✗ 3. because
- ✗ 4. as

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The farmers in our village were fed up with the birds that used to eat ____[A]____ all their harvested grains. They tried to take turns watching, ____[B]____ still, they were not able to save the crops. One of the older men in our village suggested that we should build a scarecrow. The idea was well-received. The face of the scarecrow was made using an earthen pot, while bundles of straw ____[C]____ to create its arms. Finally, it was accessorised with a hat and a coat to perfect ____[D]____ illusion as a man. It was a ____[E]____ coat that used to belong to a beggar who stayed near the temple.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in the blank marked [C].**

Ans
✔ 1. were used
✗ 2. had been used
✗ 3. are used
✗ 4. has been used

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The farmers in our village were fed up with the birds that used to eat ____[A]____ all their harvested grains. They tried to take turns watching, ____[B]____ still, they were not able to save the crops. One of the older men in our village suggested that we should build a scarecrow. The idea was well-received. The face of the scarecrow was made using an earthen pot, while bundles of straw ____[C]____ to create its arms. Finally, it was accessorised with a hat and a coat to perfect ____[D]____ illusion as a man. It was a ____[E]____ coat that used to belong to a beggar who stayed near the temple.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in the blank marked [D].**

Ans
✗ 1. theirs
✗ 2. their
✔ 3. its
✗ 4. it's

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The farmers in our village were fed up with the birds that used to eat ____[A]____ all their harvested grains. They tried to take turns watching, ____[B]____ still, they were not able to save the crops. One of the older men in our village suggested that we should build a scarecrow. The idea was well-received. The face of the scarecrow was made using an earthen pot, while bundles of straw ____[C]____ to create its arms. Finally, it was accessorised with a hat and a coat to perfect ____[D]____ illusion as a man. It was a ____[E]____ coat that used to belong to a beggar who stayed near the temple.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option to fill in the blank marked [E].**

Ans
✔ 1. tattered, old, brown
✗ 2. old, tattered, brown
✗ 3. brown, old, tattered
✗ 4. brown, tattered, old

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1 निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान करें।**

**गंगा नदि मेरे गाँव से छः सात मील पर बहती थी।**

Ans
✗ 1. छः
✗ 2. गंदा
✗ 3. गाँव
✔ 4. नदि

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 'सुनी' का विलोम है-

Ans
- ✗ 1. अनहोनी
- ✓ 2. अनसुनी
- ✗ 3. अनकही
- ✗ 4. असुनी

Q.3 अयोध्या के राजा राम लक्ष्मण के _____ भाई थे'। '

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त तत्सम शब्द है?

Ans
- ✗ 1. सहोदर
- ✗ 2. भ्राता
- ✓ 3. ज्येष्ठ
- ✗ 4. कनिष्ठ

Q.4 निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द की पहचान करें।
जो बिना सोचे समझे विश्वास करें

Ans
- ✗ 1. दास
- ✗ 2. परम मित्र
- ✓ 3. अन्धविश्वासी
- ✗ 4. विश्वासी

Q.5 'जो अपेक्षाकृत कम बोलता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

Ans
- ✓ 1. मितभाषी
- ✗ 2. मितव्ययी
- ✗ 3. मिताहारी
- ✗ 4. मिथ्यावादी

Q.6 'यद्यपि उसने चोरी की तथापि वह पकड़ा नहीं गया|' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित संयुक्त वाक्य होगा?

Ans
- ✓ 1. उसने चोरी की पर वह पकड़ा नहीं गया|
- ✗ 2. उसने चोरी की पकड़ा नहीं गया|
- ✗ 3. चोरी की वह पकड़ा नहीं गया|
- ✗ 4. वह चोरी की पकड़ा नहीं गया|

Q.7 निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति सार्थक शब्द के माध्यम से करें।

यदि तुमने 50 _________ नहीं पेले तो तुम्हें ________ मिलेगा।

Ans
- ✓ 1. दंड
- ✗ 2. किलो
- ✗ 3. पिटाई
- ✗ 4. वज़न

Q.8 बड़े भाई विदा हो गये किन्तु छोटा भाई अभी शेष हैं। 'बड़े भाई' के स्थान पर उचित शब्द होगा -

Ans
- ✗ 1. अनुज
- ✗ 2. अनुजा
- ✗ 3. अग्रजा
- ✓ 4. अग्रज

Adda247

**Q.9** 'आज मध्याह्न के बाद वाले व्याख्यान में अत्यंत निरसता थी'|
उपरोक्त वाक्य के किस भाग में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है?

**Ans**
✗ 1. के बाद वाले
✗ 2. आज मध्याह्न
✗ 3. व्याख्यान में
✓ 4. अत्यंत निरसता थी

**Q.10** 'आँखों पर परदा डालना' मुहावरे का सही अर्थ है -

**Ans**
✗ 1. सच न देखना
✗ 2. जानबूझकर गलत का पक्ष लेना
✗ 3. दिखाई न देना
✓ 4. बुद्धि न काम करना

**Q.11** निम्न में से किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है-

**Ans**
✗ 1. इन किताबों को पढ़िए।
✗ 2. ये पेड़ बहुत अच्छे लगते हैं।
✗ 3. वे लोग वहाँ क्यों खड़े हैं?
✓ 4. पुराने कपड़े दान कर दीजिए।

**Q.12** समाज के उत्थान के लिए हमें निरन्तर प्रयासरत् रहना होगा। वाक्य में प्रयुक्त उत्थान का विलोमार्थी शब्द है।

**Ans**
✓ 1. पतन
✗ 2. विनाश
✗ 3. आविर्भाव
✗ 4. जागरण

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए शब्द का पर्यायवाची नहीं है?

पुष्कर

**Ans**
✓ 1. पुष्ट
✗ 2. सरोवर
✗ 3. पोखर
✗ 4. तड़ाग

**Q.14** निम्न में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का उचित प्रयोग हुआ है?

**Ans**
✗ 1. दुष्ट राजा ही उत्तम प्रशासन प्रदान कर सकता है।
✓ 2. न्यायी राजा ही उत्तम प्रशासन प्रदान कर सकता है।
✗ 3. सीधा राजा ही उत्तम प्रशासन प्रदान कर सकता है।
✗ 4. शांत राजा ही उत्तम प्रशासन प्रदान कर सकता है।

**Q.15** निम्न में से किस वाक्य में 'ग्रस्त' के सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?

**Ans**
✗ 1. अक्षदा के साथ उसके पिता थे |
✗ 2. रक्षिता ने सभा में प्रशंसा से युक्त वाक्य कहे |
✗ 3. सभी छात्र अत्यंत त्रस्त थे |
✓ 4. पक्षी मुक्त हो गया |

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा 1. ________ आविष्कार है। विज्ञान ने सारी दुनिया को 2 ________ के बक्से में बंद करके घर-घर तक पहुँचा दिया है। इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार के 3.________ बन गये। वैज्ञानिक इससे आगे भी खोज में लगे हुए हैं। इसमें किसी और नये चमत्कार की संभावना बनी हुई है। जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और 4________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है। विश्व की सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा उन्हें 5________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **गद्यांश के आधार पर उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।**
**1. संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा ________ आविष्कार है।**

**Ans**
- ✗ 1. पुराना
- ✗ 2. अद्भुत
- ✗ 3. अनावश्यक
- ✓ 4. चमत्कारी

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा 1. ________ आविष्कार है। विज्ञान ने सारी दुनिया को 2 ________ के बक्से में बंद करके घर-घर तक पहुँचा दिया है। इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार के 3.________ बन गये। वैज्ञानिक इससे आगे भी खोज में लगे हुए हैं। इसमें किसी और नये चमत्कार की संभावना बनी हुई है। जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और 4________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है। विश्व की सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा उन्हें 5________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **गद्यांश के आधार पर उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।**
**2. विज्ञान ने सारी दुनिया को ________ के बक्से में बंद करके घर-घर पहुँचा दिया है।**

**Ans**
- ✓ 1. टेलीविजन
- ✗ 2. कलम
- ✗ 3. कागज
- ✗ 4. फल

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा 1. ________ आविष्कार है। विज्ञान ने सारी दुनिया को 2 ________ के बक्से में बंद करके घर-घर तक पहुँचा दिया है। इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार के 3.________ बन गये। वैज्ञानिक इससे आगे भी खोज में लगे हुए हैं। इसमें किसी और नये चमत्कार की संभावना बनी हुई है। जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और 4________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है। विश्व की सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा उन्हें 5________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **गद्यांश के आधार पर उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।**
**3. इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार का ________ बन गये।**

**Ans**
- ✗ 1. सेवक
- ✗ 2. अतिथि
- ✗ 3. व्यक्ति
- ✓ 4. सदस्य

Adda247
GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा 1. ________ आविष्कार है। विज्ञान ने सारी दुनिया को 2 ________ के बक्से में बंद करके घर-घर तक पहुँचा दिया है। इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार के 3.________ बन गये। वैज्ञानिक इससे आगे भी खोज में लगे हुए हैं। इसमें किसी और नये चमत्कार की संभावना बनी हुई है। जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और 4________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है। विश्व की सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा उन्हें 5________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गद्यांश के आधार पर उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।**
**4. जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और ________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है।**

**Ans**
✗ 1. समाज
✗ 2. दुनिया
✗ 3. नाटक
✓ 4. सिनेमा

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दूरदर्शन, टेलीविजन या टी.वी. विज्ञान का एक अनोखा तथा 1. ________ आविष्कार है। विज्ञान ने सारी दुनिया को 2 ________ के बक्से में बंद करके घर-घर तक पहुँचा दिया है। इसके माध्यम से हम विश्व-परिवार के 3.________ बन गये। वैज्ञानिक इससे आगे भी खोज में लगे हुए हैं। इसमें किसी और नये चमत्कार की संभावना बनी हुई है। जो भी हो, टेलीविजन ने रेडियो और 4________ को एक करके पूरे विश्व-समुदाय की बड़ी सेवा की है। विश्व की सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा उन्हें 5________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गद्यांश के आधार पर उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।**
**5. विश्व के सभी मनुष्य ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य, समाज, विज्ञान इत्यादि भी इससे काफी उपकृत हुए हैं तथा ________ में इससे और भी बेहतर सेवा की आशा है।**

**Ans**
✓ 1. भविष्य
✗ 2. संसार
✗ 3. समाज
✗ 4. कृषि

Adda247